# राजकीय डिग्री महाविद्यालय रिवालसर

# जिला मंडी (हिमाचल प्रदेश)

## वार्षिक प्रतिवेदन

## शैक्षणिक सत्र 2023-24

# वार्षिक पारितोषिक वितरण समारोह

## मुख्य अतिथि

### आदरणीय डॉ. के. सी. कश्यप जी

### ( प्राचार्य राजकीय डिग्री महाविद्यालय रिवालसर )

दिनांक : 22-03-2024

**प्रतिवेदन लेखक :**
सहायक आचार्य- कुलदीप कुमार
( हिंदी विभाग)

**प्रस्तुतकर्ता :**
सह-आचार्य- दीपक गौतम
(संगीत विभाग)

# वार्षिक प्रतिवेदन

## ***शैक्षणिक सत्र (2023-24)***

---

### ***स्वागत एवं संबोधन :-***

राजकीय डिग्री महाविद्यालय रिवालसर के छठे वार्षिक पारितोषिक वितरण समारोह के मुख्यातिथि महोदय स्थानीय महाविद्यालय के प्राचार्य आदरणीय डॉ० के. सी. कश्यप जी, अभिभावक-शिक्षक संघ के पदाधिकारी, सह-आचार्य, सहायक आचार्य, गैर शिक्षक वर्ग, अभिभावक वर्ग, पत्रकार बंधु, पूर्व छात्र संघ के पदाधिकारी, केन्द्रीय छात्र संघ के सदस्य, प्यारे विद्यार्थियों तथा रिवालसर क्षेत्र के गणमान्य नागरिक व अन्य अतिथिगण ! आज महाविद्यालय परिसर में छठे वार्षिक पुरस्कार वितरण समारोह के शुभ अवसर पर समस्त महाविद्यालय परिवार की ओर से मैं आपका हार्दिक स्वागत व अभिनंदन करता हूँ |

मैं संक्षेप में महाविद्यालय के शैक्षणिक सत्र 2023-24 का प्रगति विवरण प्रस्तुत कर रहा हूँ, जो विद्यार्थियों तथा प्राध्यापक वर्ग की उपलब्धियों को रेखांकित करता है |

### ***महाविद्यालय पृष्ठभूमि :-***

महोदय, पावन धर्म स्थली रिवालसर की तलहटी में स्थित राजकीय डिग्री महाविद्यालय रिवालसर (जिला मंडी) की स्थापना वर्ष 2014 ई. में हुई थी | इस महाविद्यालय के खुलने से आस-पास के ग्रामीण क्षेत्रों के विद्यार्थियों विशेषकर छात्राओं को उच्च शिक्षा ग्रहण करने व अपना उज्ज्वल भविष्य बनाने का सुनहरा अवसर प्राप्त हुआ है | इस शिक्षण- संस्थान में कला व वाणिज्य संकाय के छात्र-छात्राएं शिक्षा ग्रहण कर रहे हैं | महाविद्यालय में विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास के लिए उचित कक्षा-कक्ष, पुस्तकालय, कंप्यूटर लेब, स्मार्ट क्लास रूम के साथ-साथ खेल का मैदान भी उपलब्ध है | महाविद्यालय में एन.एस.एस इकाई, रोवर रेंजर इकाई, सड़क सुरक्षा क्लब, चुनावी साक्षरता क्लब, रेड रिबन क्लब, इको क्लब, एंटी ड्रग क्लब आदि सह पाठ्यक्रम गतिविधियों को भी यथेष्ट महत्व दिया जा रहा है |

मान्यवर, यह महाविद्यालय बल्ह विधानसभा क्षेत्र के ग्रामीण छात्रों के लिए एक महत्वपूर्ण शिक्षण संस्थान के रूप में उभर कर सामने आया है | इस महाविद्यालय ने अपने स्थापना काल से अब तक धीरे-धीरे निरंतर विकास किया है और हमें आशा व पूर्ण विश्वास है कि यह भविष्य में भी प्रगति मार्ग पर अग्रसर रहेगा |

## ***पंजीकृत विद्यार्थियों की संख्या :-***

महाविद्यालय में कुल 179 छात्र व छात्राएं शिक्षा ग्रहण कर रहे हैं | जिनमें कला व वाणिज्य दोनों संकायों में 143 छात्राएं एवं 36 छात्र हैं | विद्यार्थियों का विस्तृत विवरण निम्नानुसार है –

| Stream | Class | General | | SC | | ST | | OBC | | Total B 3+5+7+9 | Total G 4+6+8+10 | Grand Total 11+12 |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | Boys | Girls | B | G | B | G | B | G | | | |
| Arts | BA 1st | 03 | 29 | 0 | 16 | 0 | 01 | 0 | 0 | **03** | **46** | **49** |
| | BA 2nd | 06 | 29 | 05 | 10 | 0 | 0 | 01 | 03 | **13** | **41** | **54** |
| | BA 3rd | 07 | 33 | 02 | 12 | 0 | 01 | 0 | 0 | **09** | **46** | **55** |
| **Total** | | **16** | **91** | **07** | **38** | **0** | **02** | **01** | **03** | **25** | **133** | **158** |
| Com. | B. Com 1st | 04 | 0 | 0 | 04 | 0 | 01 | 0 | 0 | **04** | **05** | **09** |
| | B. Com 2nd | 01 | 01 | 02 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | **03** | **01** | **04** |
| | B. Com 3rd | 03 | 03 | 01 | 01 | 0 | 0 | 0 | 0 | **04** | **04** | **08** |
| **Total** | | **08** | **04** | **03** | **01** | **0** | **01** | **0** | **0** | **11** | **10** | **21** |
| **G. Total** | | **24** | **95** | **10** | **39** | **0** | **03** | **01** | **03** | **36** | **143** | **179** |

***परीक्षा परिणाम :-*** पिछले सत्र 2022-23 में महाविद्यालय से उत्तीर्ण विद्यार्थियों का परीक्षा परिणाम इस प्रकार रहा है-

| क्र.स. | **कक्षा** | **कुल विद्यार्थी** | **उत्तीर्ण** | **परिणाम (%)** |
|---|---|---|---|---|
| 1. | बी. ए. प्रथम वर्ष | 61 | 46 | 75.41% |
| 2. | बी. ए. द्वितीय वर्ष | 57 | 55 | 96.61% |
| 3. | बी. ए. तृतीय वर्ष | 42 | 42 | 100% |
| 4. | बी.कॉम. प्रथम वर्ष | 04 | 04 | 100% |
| 5 | बी.कॉम. द्वितीय वर्ष | 07 | 07 | 100% |

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| 6 | बी.कॉम. तृतीय वर्ष | 10 | 10 | 100% |

***शिक्षक एवं गैर-शिक्षक वर्ग* :-** महाविद्यालय में शिक्षक वर्ग के 10 पद स्वीकृत हैं जिनमें से 01 पद रिक्त है | गैर-शिक्षक वर्ग के भी 10 पद स्वीकृत हैं जिनमें 01 पद रिक्त है |

***स्थानान्तरण* :-** इस सत्र महाविद्यालय से कोई भी कर्मचारी स्थानांतरित नहीं हुए |

**पदोन्नति :**- इस सत्र में महाविद्यालय से निम्नलिखित कर्मचारी की पदोन्नति हुई :-

| क्र.स. | कर्मचारी का नाम | पद | पदोन्नति पद | स्थानान्तरण का स्थान | दिनांक |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | डॉ. जगत पाल सिंह | सह-आचार्य (अर्थशास्त्र) | प्राचार्य | राजकीय डिग्री महाविद्यालय डैहर | 23-08-2023 |

***कार्यग्रहण* :-** इस सत्र महाविद्यालय में निम्नलिखित कार्यग्रहण हुए :-

| क्र.स. | कर्मचारी का नाम | पद | जहां से स्थानांतरित होकर आए | दिनांक |
|---|---|---|---|---|
| 1. | डॉ. के.सी. कश्यप | प्राचार्य | राजकीय महाविद्यालय कुमारसेन | 06-10-2023 |
| 2. | ईश्वर दास | वरिष्ठ सहायक | राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला कोलनी ढलवान | 19-01-2024 |
| 3. | भाग्यवती | सेवादार | राजकीय महाविद्यालय बल्द्वाड़ा | 08-09-2023 |

***नवनियुक्तियाँ* :-** इस सत्र महाविद्यालय में निम्नलिखित नियुक्तियाँ हुई :-

| क्र.स. | कर्मचारी का नाम | पद | दिनांक |
|---|---|---|---|
| 1. | रमणीक शर्मा | सहायक आचार्य (वाणिज्य ) | 10-11-2023 |

***सेवानिवृत्ति* :-** इस सत्र महाविद्यालय से निम्नलिखित कर्मचारी सेवानिवृत्त हुए :-

| क्र.स. | कर्मचारी का नाम | पद | दिनांक |
|---|---|---|---|
| 1. | श्रीमती सरला देवी | सेवादार | 31/10/2023 |

***रिक्त पद :-*** महाविद्यालय में स्वीकृत कुल 21 पदों में से 02 पद रिक्त हैं जिनका विवरण इस प्रकार है -

| क्र.स. | कर्मचारी का वर्ग | पद नाम | रिक्त पद स. |
|---|---|---|---|
| 1. | शिक्षक | अर्थशास्त्र | 01 |
| 2. | गैर-शिक्षक | सेवादार | 01 |

## *वर्तमान में महाविद्यालय परिवार के समस्त शिक्षक व गैर शिक्षक-वर्ग की सूची:-*

| क्र.स. | कर्मचारी का वर्ग | पद नाम |
|---|---|---|
| 1. | डॉ. के. सी. कश्यप | प्राचार्य |
| 2. | प्रो. दीपक गौतम | संगीत विभाग |
| 3. | प्रो. मनोज कुमार | इतिहास विभाग |
| 4. | डॉ. ओ. पी. ठाकुर | राजनीति विभाग |
| 5. | डॉ. ब्रजनंदन | समाजशास्त्र विभाग |
| 6. | प्रो. अंजलि परमार | अंग्रेजी विभाग |
| 7. | डॉ. यादविंदर कुमार | गणित विभाग |
| 8. | प्रो. यश पाल | वाणिज्य विभाग |
| 9. | प्रो. कुलदीप कुमार | हिंदी विभाग |
| 10. | प्रो. रमणीक शर्मा | वाणिज्य विभाग |
| 11. | श्री खेम चंद | सहायक पुस्तकालय अध्यक्ष |
| 12. | श्री ललित कुमार शर्मा | अधीक्षक |
| 13. | श्री ईश्वर दास | वरिष्ठ सहायक |
| 14 | श्री मनोहर लाल शर्मा | लिपिक |

| | | |
|---|---|---|
| 15. | श्री पुष्प राज | लिपिक (जे.ओ.ए.) |
| 16. | श्रीमती लता देवी | सेवादार |
| 17. | श्री संत राम | सेवादार |
| 18. | श्रीमती बेसरी देवी | सेवादार |
| 19 | श्रीमती भाग्यवती | सेवादार |

***अभिभावक शिक्षक संघ :-*** अभिभावक अध्यापक संघ (पी.टी.ए.) सदैव ही महाविद्यालय के विकासात्मक कार्य में महत्वपूर्ण भूमिका अदा करता रहा है | अभिभावकों-छात्रों एवं महाविद्यालय प्रशासन के बीच बेहतर समन्वय स्थापित करने हेतु हर वर्ष पी.टी.ए. का गठन किया जाता है | इस उद्देश्य हेतु 14-10- 2023 को शैक्षणिक सत्र 2023-24 के लिए पी.टी.ए. का गठन प्राचार्य डॉ. के. सी. कश्यप  की अध्यक्षता में किया गया जिसकी कार्यकारिणी के सदस्य इस प्रकार हैं -

| **क्र.स.** | **पद** | **नाम** |
|---|---|---|
| 1. | अध्यक्ष | श्री खेम चंद |
| 2. | उपाध्यक्ष | श्रीमती भावना देवी |
| 3. | सचिव | सहायक प्राध्यापिका अंजलि परमार |
| 4. | सह-सचिव | श्रीमती लता देवी |
| 5. | कोषाध्यक्ष | श्रीमती निर्मला |
| 6. | वरिष्ठ सलाहकार | सह- आचार्य दीपक गौतम |
| 7. | मुख्य सलाहकार | श्री चुन्नी लाल |
| 8. | सलाहकार | श्रीमती धनी देवी |
| 9. | कार्यकारिणी सदस्य | श्री कुशाल, श्री हुक्म चंद, श्री प्रकाश चंद |

***सत्र 2022-23 की पी.टी.ए. जमा राशि का विवरण :-***

पिछले सत्र तक शेष जमा राशि – **211080.40**

वर्तमान सत्र में एकत्रित राशि – **56889**

ब्याज – **6604**

कुल राशि ब्याज सहित – **274573.4**

सत्र के दौरान व्यय – **162745**

शेष राशि – **111828.4**

***केन्द्रीय छात्र संघ कार्यकारिणी :-*** हिमाचल प्रदेश विश्वविद्यालय की अधिसूचना एवं निर्देशानुसार, अकादमिक वरीयता के आधार पर केन्द्रीय छात्र संघ (2023-24) का गठन 27 अक्तूबर, 2023 को किया गया जिनके पदाधिकारी निम्नानुसार हैं-

| **क्र.स.** | **पद** | **नाम** | **कक्षा** |
|---|---|---|---|
| 1. | प्रधान | यश पाल ठाकुर | बी. ए. तृतीय वर्ष |
| 2. | उप-प्रधान | अंकिता | बी. कॉम तृतीय वर्ष |
| 3. | सचिव | मीना देवी | बी. ए. द्वितीय वर्ष |
| 4. | सह-सचिव | रक्षा देवी | बी. ए. प्रथम वर्ष |

***केन्द्रीय छात्र संघ कार्यकारिणी के इकाई पदाधिकारी :-***

| **क्र.स.** | **पद** | **नाम** | **कक्षा** |
|---|---|---|---|
| **1.** | एन.एस.एस. इकाई अध्यक्ष | रोहित शर्मा | बी.कॉम तृतीय वर्ष |
| | | दीक्षा शर्मा | बी. ए. तृतीय वर्ष |
| 2. | रोवर क्रू लीडर | अरुण शर्मा | बी. ए. तृतीय वर्ष |
| 3. | रेंजर टीम लीडर | प्रीति ठाकुर | बी. ए. तृतीय वर्ष |
| 4. | सड़क सुरक्षा क्लब अध्यक्ष | संदीप कुमार | बी.कॉम तृतीय वर्ष |
| 5. | रेड रिबन क्लब | काजल शर्मा | बी. ए. द्वितीय वर्ष |
| 6. | सांस्कृतिक कमेटी | धर्मा देवी | बी. ए. तृतीय वर्ष |
| | | रवि कुमार | बी.कॉम द्वितीय वर्ष |

| | | | |
|---|---|---|---|
| 7. | स्पोर्ट्स पदाधिकारी | आलोक शर्मा | बी. ए. तृतीय वर्ष |
| | | ममता | बी. ए. तृतीय वर्ष |

***पूर्व छात्र संघ :-*** 30 नवम्बर, 2022 को ओल्ड स्टूडेंट एसोसिएशन का गठन प्राचार्य डॉ. जगत पाल सिंह की अध्यक्षता में किया गया जिसकी कार्यकारिणी के सदस्य इस प्रकार हैं -

| क्र.स. | पद | नाम |
|---|---|---|
| 1. | अध्यक्ष | गीतू देवी |
| 2. | उपाध्यक्ष | दिवांशु शर्मा |
| 3. | सचिव | पंकज कुमार |
| 4. | सह-सचिव | बालकृष्ण |
| 5 | कोषाध्यक्ष | राहुल |
| 6 | मीडिया सचिव | अक्षय |

***छात्रवृत्तियाँ :-*** छात्र-छात्राओं को बेहतरीन शिक्षा प्रदान करने हेतु केन्द्रीय व राज्य प्रायोजित योजनाओं के अंतर्गत शैक्षणिक सत्र 2023-24 के दोनों संकायों में कुल 31 विद्यार्थियों को छात्रवृतियां प्रदान की जा रही हैं जिनमें 02 छात्र तथा 31 छात्राएं शामिल हैं |

| क्र.स. | छात्रवृति का नाम | छात्र | छात्राएं | कुल छात्रों की संख्या |
|---|---|---|---|---|
| | | | | |
| **1.** | मैट्रिक उपरान्त अ० जा० छात्रवृति | 01 | 09 | **10** |
| 2. | महाविद्यालय और विश्वविद्यालय के छात्रों के लिए केन्द्रीय क्षेत्र योजना | - | 06 | **06** |
| 4. | प्रधानमंत्री यशस्वी पोस्ट मेट्रिक छात्रवृति (आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग व अन्य पिछड़ा वर्ग)) | 01 | 06 | **07** |
| 5. | कल्पना चावला छात्रवृति | - | 06 | **06** |

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| 7. | मैट्रिक उपरान्त अनुसूचित जन-जाति छात्रवृति योजना | - | 02 | **02** |
| | **कुल छात्र** | **02** | **29** | **31** |

***मध्यावधि परीक्षाएं :-*** छात्रों के समग्र मूल्यांकन हेतु प्रत्येक वर्ष मध्यावधि परीक्षाएं आयोजित की जाती हैं | सत्र 2023-24 की मध्यावधि परीक्षाएं 11 दिसम्बर से 21 दिसम्बर 2022 तक आयोजित करवाई गई | महाविद्यालय के शत प्रतिशत छात्रों ने परीक्षा में भाग लिया |

***पुस्तकालय :-*** पुस्तकालय किसी भी शिक्षण संस्थान का महत्वपूर्ण व अभिन्न अंग होता है | महाविद्यालय रिवालसर के पुस्तकालय में विविध विषयों से संबंधित कुल 1179 पुस्तकें उपलब्ध  हैं | महाविद्यालय में 01 अंग्रेजी व 02 हिंदी के दैनिक समाचार पत्र तथा 02 प्रतियोगी परीक्षाओं की पत्रिका ‘प्रतियोगिता दर्पण’ और ‘हिम प्रतियोगिता संसार’ नियमित रूप से उपलब्ध करवाई जाती है |

***सह-पाठ्यक्रम गतिविधियां:-*** सह पाठ्यक्रम गतिविधियां शिक्षा का अभिन्न अंग है | छात्रों के सर्वांगीण विकास हेतु महाविद्यालय में शिक्षा के साथ-साथ सह पाठ्यक्रम गतिविधियों को भी बढ़ावा दिया जा रहा है | इस वर्ष विद्यार्थियों ने अनेक गतिविधियों में अपनी भागीदारी सुनिश्चित कर सत्र को यादगार बनाया |

***रोवर रेंजर इकाई :-***

सत्र 2022-23 से महाविद्यालय में रेंजर टीम लीडर प्रोफेसर अंजलि परमार (अंग्रेजी विभाग) व रोवर स्काउट लीडर प्रोफेसर कुलदीप कुमार (हिंदी विभाग) के नेतृत्व में भारत स्काउट एंड गाइड के अंतर्गत रोवर रेंजर इकाई व स्वंयसेवियों का पहली बार पंजीकरण किया गया था | सत्र 2023-24 में महाविद्यालय की रोवर रेंजर इकाई ने प्रत्येक गतिविधियों में सक्रिय होकर कार्य किया | रोवर रेंजर इकाई द्वारा किए गए कार्य की सूची निम्नानुसार है :-

- 1 अगस्त, 2023 को महाविद्यालय की रोवर रेंजर इकाई ने ‘विश्व स्काउट स्कार्फ दिवस’ बड़े उत्साह के साथ मनाया | इस अवसर पर रेंजर लीडर अंजलि परमार व रोवर लीडर कुलदीप कुमार ने स्वयंसेवियों को स्कार्फ के उपयोग व महत्व के बारे में विस्तृत जानकारी दी |
- 21 से 25 सितंबर 2023 तक भारत स्काउट्स एवम गाइड्स हिमाचल प्रदेश द्वारा राज्य प्रशिक्षण केंद्र रिवालसर में प्रदेश भर की लगभग 300 रेंजर्स के लिए निपुण टेस्टिंग कैंप एवं राज्य पुरस्कार टेस्टिंग कैंप का आयोजन किया

गया। जिसमें रिवालसर कॉलेज की 03 रेंजर्स बी.ए. तृतीय वर्ष की प्रीति ठाकुर, पूजा शर्मा एवं अनु कुमारी ने पहली बार भाग लिया और सफलता पूर्वक निपुण टेस्टिंग की परीक्षा उत्तीर्ण की है।

- 25 से 30 सितंबर 2023 तक भारत स्काउट्स एवं गाइड्स हिमाचल प्रदेश द्वारा राज्य प्रशिक्षण केंद्र रिवालसर में प्रदेश भर के लगभग 250 रोवर्स के लिए निपुण टेस्टिंग कैंप एवं राज्य पुरस्कार टेस्टिंग कैंप का आयोजन किया गया। जिसमें रिवालसर कॉलेज के 03 रोवर्स ने पहली बार भाग लिया और सफलता पूर्वक निपुण टेस्टिंग की परीक्षा उत्तीर्ण की है | तीनों रोवर्स अरुण शर्मा, रितिक ठाकुर और दिनेश कुमार ने इस परीक्षा को सफलता पूर्वक पास करके रिवालसर कॉलेज का मान बढ़ाया है।
- 18 अक्तूबर, 2023 को राजकीय डिग्री महाविद्यालय रिवालसर में महाविद्यालय के 'चुनावी साक्षरता क्लब', रोवर रेंजर इकाई और एन.एस.एस. इकाई के संयुक्त तत्वावधान द्वारा मतदाता जागरूकता अभियान के अंतर्गत पोस्टर प्रतियोगिता और वोटर जागरूकता रैली का आयोजन किया गया।
- 07 नवंबर, 2023 को रोवर रेंजर इकाई द्वारा भारत स्काउट एंड गाइड स्थापना दिवस/झंडा दिवस को बड़े धूम-धाम के साथ मनाया | इस अवसर पर स्वयंसेवियों ने झंडा फहराने की प्रक्रिया को जाना | तत्पश्चात महाविद्यालय से रिवालसर बाजार तक स्वछता जागरूकता रैली निकाली साथ ही रिवालसर झील के किनारे पड़े प्लास्टिक को एकत्रित किया |
- 23 से 28 नवम्बर 2023 को महाविद्यालय के दो रोवर तथा चार रेंजर ने स्टेट ट्रेनिंग सेंटर रिवालसर में प्री आरडीसी में भाग लिया जिसमें महाविद्यालय के दो रोवर्स तथा दो रेंजर का चयन शिमला आरडीसी के लिए हुआ, जो कि महाविद्यालय के लिए गौरव की बात है |
- 19 जनवरी, 2024 से 26 जनवरी 2024 को महाविद्यालय के एक रोवर संदीप कुमार तथा दो रेंजर काजल शर्मा व पूजा शर्मा ने आर.के.एम.वी. महाविद्यालय में राज्य स्तरीय आर.डी.सी. प्रशिक्षण में भाग लिया |

### *राष्ट्रीय सेवा योजना :-*

- राष्ट्रीय सेवा योजना के प्रोग्राम ऑफिसर डॉ. ब्रजनंदन के कुशल नेतृत्व में 23 दिसम्बर से 29 दिसम्बर, 2023 तक राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई द्वारा सात दिवसीय शिविर का आयोजन किया गया जिसमें महाविद्यालय परिसर की साफ़-सफाई, सौंदर्यीकरण व पौधा रोपण को विशेष महत्व दिया गया |
- 26-02-2024 को एन.एस.एस. स्वयंसेवियों द्वारा एक दिवसीय स्वच्छता अभियान चलाया गया |

***सड़क सुरक्षा क्लब :-*** सत्र 2023-24

सड़क दुर्घटनाओं से बचना व सड़क सुरक्षा नियमावली के प्रति जागरूक करने हेतु सड़क सुरक्षा क्लब का गठन महविद्यालय में किया गया है | सड़क सुरक्षा क्लब के समन्वयक प्रो. यश पाल के कुशल नेतृत्व में सड़क सुरक्षा क्लब द्वारा जागरूकता संबंधी निम्नलिखित कार्य किए गए :-

- 29-09-2023 को सड़क सुरक्षा क्लब द्वारा महाविद्यालय में छात्र ओरिंटेशन इंडक्शन कार्यक्रम का आयोजन किया गया |
- 14-10-2023 को सड़क सुरक्षा क्लब द्वारा महाविद्यालय में 'सड़क सुरक्षा शपथ' समारोह का आयोजन किया गया |
- 18-11-2023 को सड़क सुरक्षा क्लब के समन्वयक द्वारा महाविद्यालय में 'Causes of Road Accident and Defensive Driving' विषय पर विशेष व्याख्यान दिया गया |
- 2-12-2023 को सड़क सुरक्षा स्वयंसेवियों द्वारा पोस्टर व नारा लेखन के माध्यम से सड़क सुरक्षा जागरूकता अभियान चलाया गया |
- 05-12-2023 को सड़क सुरक्षा क्लब द्वारा एक दिवसीय कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमें प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता करवाई गई |
- 06-03-2024 को भाषण प्रतियोगिता और 'सड़क सुरक्षा जीवन रक्षा' विषय पर निबंध लेखन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया |
- 07-03-2024 को सड़क सुरक्षा क्लब के समन्वयक प्रोफेसर यश पाल द्वारा वीडियो और अवेयरनेस लेक्चर के माध्यम से सड़क सुरक्षा व यातायात नियमों की जानकारी दी |
- 11-03-2024 को सड़क सुरक्षा से संबंधी जागरूक करने के लिए रिवालसर बाजार में रैली निकाली गई |
- 13-03-2024 को सड़क सुरक्षा स्वयंसेवियों को 'प्राथमिक चिकित्सा' व 'नेक व्यक्ति' के बारे में बताया गया |

**स्पोर्ट्स गतिविधियाँ :-** सत्र 2023-24 में स्पोर्ट्स इंचार्ज प्रो. यशपाल के प्रभावशाली नेतृत्व में खेल-कूद गतिविधियों में छात्रों ने बढ़-चढ़ कर भाग लिया |

- रिवालसर महाविद्यालय के इतिहास में पहली बार महिला कबड्डी टीम ने अंतर महाविद्यालय कबड्डी खेल-कूद प्रतियोगिता में भाग लिया | जिसका आयोजन महाविद्यालय संजोली में 30-31 अक्तूबर, 2023 को हुआ था |
- 26 फरवरी, 2024 को वार्षिक एथलेटिक मीट का आयोजन बड़े उत्साह व जोश के साथ किया गया | इसमें महिला व पुरुष वर्ग में 100 मीटर रेस, लंबी कूद, ऊँची कूद, गोला फेंक, भाला फेंक व डिस्कस थ्रो आदि एथलेटिक खेल गतिविधियों में महाविद्यालय के सभी छात्र-छात्राओं ने बड़े उत्साह के साथ भाग लिया | जिसमें संदीप कुमार व कल्पना को सर्वश्रेष्ठ एथलीट का खिताब मिला | इसके साथ महाविद्यालय के शिक्षकों व गैर-शिक्षकों ने भी गोला फेंक प्रतियोगिता में भाग लिया जिसमें स्पोर्ट्स इंचार्ज प्रो. यशपाल ने प्रथम, प्रो. रमणीक शर्मा ने द्वितीय व डॉ. ब्रजनंदन ने तृतीय स्थान हासिल किया | इस वार्षिक एथलीट मीट में मुख्य आकर्षक का केंद्र शिक्षकों-गैर-शिक्षकों का विद्यार्थियों के साथ रस्सा-कस्सी प्रतियोगता रही | जिसमें शिक्षकों ने अपने शिष्यों को पराजित कर प्रतियोगिता जीत ली |

***करियर काउंसलिंग सेल :-*** इस सेल का मुख्य उद्देश्य करियर मार्गदर्शन शिविरों का आयोजन करना है, ताकि नौकरी के इच्छुक विद्यार्थियों को भविष्य में उनके लिए आजीविका निर्धारित करने के लिए शैक्षणिक पाठ्यक्रम चुनने में उचित सहायता प्रदान की जा सके |

- 30 दिसम्बर, 2023 को करियर काउंसलिंग सेल व कॉमर्स सोसायटी द्वारा सेमिनार का आयोजन किया गया | जिसमें करियर काउंसलिंग और गाइडेंस सेल के इंचार्ज प्रो. मनोज कुमार ने करियर काउंसलिंग और गाइडेंस सेल के महत्व व उद्देश्यों के बारे में छात्रों को बताया तथा वाणिज्य विभाग के प्रो. यश पाल ने विद्यार्थियों को विभिन्न विभागों और क्षेत्रों में रोजगार की संभावनाओं व अवसरों के बारे में जानकारी दी |

***चुनावी साक्षरता क्लब :-***

मतदाता सम्बन्धी जागरूकता हेतु महाविद्यालय में 'चुनावी साक्षरता क्लब' का गठन किया गया है |

- 18 अक्तूबर, 2023 को 'चुनावी साक्षरता क्लब' के नोडल अधिकारी डॉ. ओ.पी. ठाकुर ने छात्रों को नए वोटर के रूप में पंजीकरण हेतु जानकारी दी | तत्पश्चात 'मतदाता जागरूकता अभियान' के अंतर्गत पोस्टर प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, साथ ही रिवालसर बाजार में मतदाता जागरूकता रैली निकाली गई |

***रेड-रिबन क्लब :-***

- 23 सितम्बर, 2023 को 'रेड रिबन क्लब' की समन्वयक प्रो. अंजलि परमार व महाविद्यालय के तीन छात्र (रीतिक ठाकुर, दीक्षा शर्मा व काजल शर्मा ने जोनल हॉस्पिटल मंडी द्वारा आयोजित एक दिवसीय ओरिएंटेशन प्रोग्राम में भाग लिया |
- 9 नवंबर, 2023 को एड्स जागरूकता संबंधी Reel Making Competition' के अंतर्गत छात्रा तमन्ना की Reel बनाकर DAPO मंडी को भेजी |
- 1 दिसम्बर, 2023 को 'रेड रिबन क्लब' द्वारा 'विश्व एड्स दिवस' के अवसर पर पोस्टर मेकिंग, रंगोली व वाद-विवाद प्रतियोगिताओं का आयोजन किया |
- 1 मार्च, 2024 को चार Peer Educators (काजल शर्मा, किरना कुमारी, मीना देवी व इंदिरा देवी) ने कार्यक्रम अधिकारी प्रो. अंजलि परमार के साथ जोनल अस्पताल मंडी में एक दिवसीय टी.बी. व एड्स जागरूकता संबंधी ओरिएंटेशन प्रोग्राम में भाग लिया |

## एंटी ड्रग क्लब :-

- 21 नवंबर, 2023 को एंटी ड्रग क्लब द्वारा पोस्टर मेकिंग व नारा लेखन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया तथा नशे के खिलाफ रिवालसर बाजार में जागरूकता रैली निकाली गई |

## इको क्लब :-

- 26 सितंबर, 2023 को इको क्लब द्वारा 'विश्व पर्यावरण स्वास्थ्य दिवस' मनाया गया |

## सांस्कृतिक कमेटी :-

- 5 सितम्बर, 2023 को सांस्कृतिक कमेटी ने अध्यापक दिवस मनाया |
- 31 अक्तूबर, 2023 को सांस्कृतिक कमेटी द्वारा मेहंदी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया |

## *हिंदी दिवस :-*

- 14 सितम्बर, 2023 को महाविद्यालय के हिंदी विभाग द्वारा 'हिंदी दिवस' को एक पर्व के रूप में बड़े उत्साह के साथ मनाया। इस अवसर पर महाविद्यालय में नारा लेखन, कविता पाठ, भाषण, हिंदी सुलेख तथा हिंदी प्रश्नोत्तरी

प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया | इन प्रतियोगिताओं में महाविद्यालय के कुल 48 प्रतिभागियों ने भाग लिया | इस कार्यक्रम में हिंदी के प्रचार-प्रसार व अधिक से अधिक व्यवहार में लाने पर बढ़ावा दिया गया |

## अन्य गतिविधियां :-

- महाविद्यालय में समय-समय पर अन्य गतिविधियां जैसे - अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस, अध्यापक दिवस, बाल दिवस, महिला दिवस आदि को खूब धूमधाम से मनाया गया |

***शिक्षक-वर्ग की व्यक्तिगत उपलब्धियां :-*** सत्र 2023-24 का व्यौरा

## प्राचार्य :

- महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. के सी. कश्यप जी ने 25 जून से 01 जुलाई तक इंटरनेशनल सोशियोलोजिस्ट एसोसिएशन द्वारा आयोजित अंतर्राष्ट्रीय कांफ्रेंस मेलबोर्न (आस्ट्रेलिया) में भाग लिया व अपना शोध पत्र 'हिमाचल प्रदेश के वनों में लगने वाली आग' प्रस्तुत किया |

## *इतिहास विभाग :-*

- इतिहास विभाग के प्रो. मनोज कुमार ने मई 2023 में International Journal of Multidisciplinary Education Research (IJMER) जर्नल में 'भारतीय राष्ट्रीय आंदोलन में महिलाओं की भूमिका (1885-1947) विषय पर शोध पत्र प्रकाशित किया |
- दिसंबर, 2023 में International Journal of Multidisciplinary Education Research (IJMER) जर्नल में 'भारतीय संस्कृति में पर्यावरण की महता' विषय पर शोध पत्र प्रकाशित किया |
- जनवरी, 2024 में International Journal of Creative Research Thoughts जर्नल में नेताजी सुभाष चन्द्र बोस के सामाजिक विचारों का विश्लेषण' विषय पर शोध पत्र प्रकाशित किया |
- 14-15 फरवरी 2024 को वल्लभ महाविद्यालय के पर्यावरण विज्ञान और जूलॉजी विभाग द्वारा दो दिवसीय अंतर्राष्ट्रीय कांफ्रेंस का आयोजन किया गया जिसमें प्रो. मनोज कुमार ने 'Indian Cultural and Enviornment' विषय पर अपना शोध पत्र प्रस्तुत किया |

## *अंग्रेजी विभाग :-*

- अंग्रेजी विभाग की सहायक प्राध्यापिका अंजलि परमार ने 24 से 28 नवंबर 2023 तक राज्य प्रशिक्षण केंद्र रिवालसर में प्री.आर.डी.सी. सलेक्शन केम्प में स्टेट स्टाफ के तौर पर सेवाएं दी |
- राजकीय महाविद्यालय आनी हरिपुर, कुल्लू द्वारा आयोजित सात दिवसीय बहुविषयक 'Faculty Development Program on Academic Writing and Research Methodology' में भाग लिया |
- 2-3 दिसंबर, 2023 को राजकीय कन्या महाविद्यालय कोटला खुर्द, ऊना द्वारा आयोजित ऑनलाइन अंतर्राष्ट्रीय संगोष्ठी में 'Global Trends in Post Modernism : Reappraising Literary and Cultural Epistome' विषय में भाग लिया | इस अंतर्राष्ट्रीय संगोष्ठी में 'Nature as Nurturer of Human Existence in Paulo Coelhos The Pilgrimage' नामक पेपर प्रस्तुत किया |
- 11 से 23 दिसंबर 2023 को अंग्रेजी विभाग की सहायक प्राध्यापिका अंजलि परमार ने मालवीय मिशन टीचर ट्रेनिंग सेंटर शिमला द्वारा आयोजित 14 दिवसीय रिफ्रेशर कोर्स (RC-348- English and Foreign Languages) को सफलता पूर्वक पूर्ण किया |
- सहायक प्राध्यापिका अंजलि परमार ने राजकीय महाविद्यालय करसोग द्वारा Exploring the Intersection : Autobiographies, Biographies and Travel Writings शीर्षक पर 15-16 मार्च, 2024 को आयोजित दो दिवसीय राष्ट्रीय सम्मेलन में भाग लिया व Exploring the Self in Paulo Coelho's The Pilgrimage and The Alchemist : A Study in Spiritual Pursuit नामक विषय पर पेपर प्रस्तुत किया |

### *गणित विभाग :-*

- गणित विभाग के प्रो. यादविंदर कुमार ने 07 से 12 अगस्त, 2023 को GCTE Dharamshala द्वारा आयोजित एक सप्ताह के 'In Service Teacher Training Programme' में भाग लिया |
- 30 नवंबर 2023 से 06 दिसम्बर, 2023 तक रामानुजन कॉलेज, यूनिवर्सिटी ऑफ़ दिल्ली से 'Research Method and Research Design' विषय पर एक सप्ताह का एफ.डी.पी. ऑनलाइन माध्यम से सफलतापूर्वक पूर्ण किया|
- 07 से 13 दिसम्बर, 2023 तक रामानुजन कॉलेज, यूनिवर्सिटी ऑफ़ दिल्ली से 'Research Writing and Mathematics with Latex' विषय पर एक सप्ताह का एफ.डी.पी. ऑनलाइन माध्यम से सफलतापूर्वक पूर्ण किया |

- 19 से 31 दिसम्बर, 2023 को कुमांऊ यूनिवर्सिटी नैनीताल, उत्तराखंड द्वारा आयोजित 'NEP 2020 Orientation And Sensitization Programme' को सफलतापूर्वक पूर्ण किया |
- 19 फरवरी, 2024 से 02 मार्च, 2024 को UGC Malviya Mission Teacher Training Centre, University of Jammu द्वारा आयोजित दो सप्ताह के रिफ्रेशर कोर्स गणितीय विज्ञान को सफलतापूर्वक पूर्ण किया |

## *वाणिज्य विभाग :-*

- 31 जुलाई, 2023 से 14 अगस्त, 2023 तक रामानुजन कॉलेज ऑफ़ दिल्ली विश्वविद्यालय से ऑनलाइन माध्यम से दो सप्ताह के 'रिफ्रेशर कोर्स' को सफलतापूर्वक पूर्ण किया |
- वाणिज्य विभाग के प्रो. यश पाल ने 18 अगस्त, 2023 को उच्च शिक्षा विभाग की विभागीय परीक्षा को सफलतापूर्वक उत्तीर्ण किया |

## *हिंदी विभाग :-*

- हिंदी विभाग के प्रो. कुलदीप कुमार द्वारा लिखित शोध पत्र 'एस.आर. हरनोट की कहानियों में वृद्धों का जीवन संघर्ष' जो कि UGC द्वारा स्वीकृत केयर लिस्टिड पत्रिका 'आधुनिक साहित्य' में प्रकाशित हुआ है |
- 18 अगस्त, 2023 को उच्च शिक्षा विभाग की विभागीय परीक्षा को सफलतापूर्वक उत्तीर्ण किया |
- 25 से 30 सितम्बर, 2023 को स्टेट ट्रेनिंग सेंटर रिवालसर में हिंदी के सहायक आचार्य रोवर सकाउट लीडर प्रो. कुलदीप कुमार ने स्टेट लेवल निपुण टेस्टिंग व राज्य पुरस्कार टेस्टिंग कैंप में प्रशिक्षण दिया |
- 23 से 28 नवम्बर, 2023 को स्टेट ट्रेनिंग सेंटर रिवालसर में स्टेट लेवल रिपब्लिक डे परेड सिलेक्शन कैंप में ट्रेनर स्टाफ के तौर पर भाग लिया |
- 03 दिसंबर, 2023 को रवीन्द्रनाथ नाथ टेगौर महाविद्यालय सरकाघाट के Bio-Science डिपार्टमेंट द्वारा आयोजित राष्ट्रीय कॉन्फ्रेस में 'Problem Of Stubble Burning In india : A Review' नामक रिसर्च पेपर प्रस्तुत किया
- 24 से 28 दिसंबर, 2023 को पहली अंतरराष्ट्रीय स्काउटर गाइडर कॉन्फ्रेंस का अयोजन काठमांडू, नेपाल में किया गया | जिसमें महाविद्यालय के रोवर स्काउट लीडर कुलदीप कुमार ने भाग लिया |

***महाविद्यालय के समक्ष चुनौतियां एवं अपेक्षाएं :-*** महाविद्यालय की मूलभूत व अत्यावश्यक समस्याएँ इस प्रकार हैं –

- महाविद्यालय में शिक्षक व गैर-शिक्षक के कुल 02 रिक्त पदों को शीघ्र भरना | जिसमें अर्थशास्त्र के पद को प्राथमिकता के साथ भरा जाए |
- महाविद्यालय की आवश्यकता एवं छात्रों की रुचि को देखते हुए महाविद्यालय में शारीरिक शिक्षा के विषय में प्राध्यापक का पद सृजित करवाया जाए |
- रोवर रेंजर इकाई के स्वयंसेवियों को लगभग 20 वर्दी की व्यवस्था करवाई जाए |
- महाविद्यालय में पुस्तकालय, परीक्षा भवन तथा दो स्मार्ट क्लास रूम की व्यवस्था करवाई जाए |
- महाविद्यालय की दूसरी मंजिल में बिजली की व्यवस्था करवाई जाए |
- महाविद्यालय में विज्ञान भवन का निर्माण व विज्ञान संकाय की शुरुआत करवाई जाए |

महोदय, महाविद्यालय की वास्तविक स्थिति आपके समक्ष है | मुझे पूर्ण आशा है कि आप हमारी समस्याओं के विषय में उपयुक्त पत्राचार के माध्यम से उच्च-अधिकारियों को अवगत करवाएंगे तथा महाविद्यालय को विकास पथ पर अग्रसर रहने के लिए प्रेरित करेंगे |

***आभार :-*** मान्यवर, सत्र 2023-24 के वार्षिक प्रतिवेदन के माध्यम से मैंने स्थानीय महाविद्यालय की जिन उपलब्धियों की चर्चा की है उन्हें साकार रूप देने का श्रेय इस महाविद्यालय के समस्त कर्तव्यनिष्ठ प्राध्यापक-वर्ग, गैर शिक्षक वर्ग तथा अनुशासित व प्यारे विद्यार्थियों को जाता है | मैं इन सभी के प्रति आभार व्यक्त करता हूँ |

आज इस कार्यक्रम के मुख्यातिथि महोदय का महाविद्यालय परिवार विशेष रूप से आभारी है जिन्होंने इस पुरस्कार वितरण समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में इस कार्यक्रम की शोभा बढ़ाई | साथ ही यहाँ उपस्थित समस्त अतिथियों का भी हार्दिक आभार व्यक्त करता हूँ आप सभी अतिथियों की गरिमामय उपस्थिति, सहयोग एवं सौजन्य के लिए महाविद्यालय परिवार कृतज्ञ है | अंततः पुरस्कार प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों को बहुत-बहुत बधाई व अशेष शुभकामनाएँ | जिन्हें पुरस्कार नहीं मिल पाए हैं उन्हें भविष्य में प्रयत्नशील रहने की कामना करता हूँ | मुझे विश्वास है कि आप सभी अपने लक्ष्य तक अवश्य पहुंचेंगे और देश व समाज के कल्याण के लिए हमेशा अपना योगदान देने को तत्पर रहेंगे |

***धन्यवाद !***